दिनांक 30.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

01 मई को श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के प्रभारी आयुक्त श्री आर0के0 साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 मई 2018 को अंर्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुहिक भोज एवं ''स्वच्छता श्रमिक हमारे स्वच्छ सैनिक'' विषय पर मासिक थिमेटिक ड्राईव प्रारम्भ करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देशित किया है नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा 01 मई को दोपहर 12.30 बजे निगम मुख्य कार्यालय में श्रमिकों का सम्मान समारोह एवं सामुहिक भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

श्री साहू ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त पत्र में निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है राज्य एवं केन्द्र शासन के इस कार्यक्रम में मंशा यह है कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत् कार्य किया जा रहा है इसका भव्य आयोजन कर एक दिन सम्मान करना चाहिए 01 मई को श्रमिक दिवस के रुप में मनाया जाता है इसलिए श्रमिक दिवस पर ''स्वच्छता श्रमिक हमारे स्वच्छ सैनिक'' विषय पर श्रमिकों एवं निकाय के समस्त कर्मचारियों नियमित, संविदा, प्लेसमेंट का भी पहचान कर सम्मान किया जावेगा।

जन सम्पर्क अधिकारी